B.A. (Honours) Examination 2017
Semester-VI
Hindi (Honours)
Course : H-16
(अन्य गद्य विधाएँ)

Time : 3 Hours **Full Marks : 40**

Questions are of value as indicated in the margin

1. निम्नलिखित गद्याशों में से किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – 2×8=16

(क) शैशव की स्मृतियों में एक विचित्रता है। जब हमारी भावप्रवणता गंभीर और प्रशान्त होती है तब अतीत की रेखाएँ कुहरे में से स्पष्ट होती हुई वस्तुओं के समान अनायास ही स्पष्ट से स्पष्टतर होने लगती हैं; पर जिस समय हम तर्क से उनकी उपयोगिता सिद्ध करके हम स्मरण करने बैठते हैं, उस समय पथर फेंकने से हट कर मिल जाने वाली, पानी की काई के समान विस्मृति उन्हें फिर-फिर ढक लेती है।

(ख) मैंने ऐसे आदमी देखे हैं, जिन में किसी ने अपनी आत्मा कुत्ते में रख दी है, किसी ने सूअर में। अब तो जानवरों ने भी यह विद्या सीख ली है और कुछ कुत्ते और सूअर अपनी आत्मा किसी-किसी आदमी में रख देते हैं।

(ग) काम और अल्लाह का यह सामंजस्य उनके दिल में प्रेम की वह मंदाकिनी बहाता रहता था, जिसमें मेरे ऐसे बच्चे भी बड़े मजे में डुबकियाँ लगा सकते थे, चुमकियाँ ले सकते थे।

(घ) मरने के बाद भी अमर होने की चाहे कितनी ही इच्छा हो, लेकिन सभी को रेत पर पड़े पद-चिह्न की तरह आखिर में लुप्त हो जाना है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि शरीर और जीवन क्षण-निःसार है, तुच्छ है, घृणास्पद है, परित्याज्य है। आखिर इन्हीं क्षणों में जीवन-जैसा बहुमूल्य रत्न भी है। उसको तुच्छ नहीं कहा जा सकता। जीवन से संबंध रखनेवाला हरेक क्षण-जो कि वर्त्तमान क्षण ही हो सकता है– अनमोल है, सत्य है।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए – 2×12=24

(क) 'राहुल सांकृत्यायन का यात्रा-साहित्य उनकी घुमक्कड़ वृत्ति के साथ-साथ तत्कालीन समाज एवं संस्कृति के विविध पक्षों से परिचित कराता है।' सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'घीसा' संस्मरण के आलोक में उसके मुख्य पात्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ग) हरिशंकर परसाई के पठित व्यंग्य के आधार पर उनकी रचना-दृष्टि की समीक्षा कीजिए।

(घ) 'सरयू भैया' का चरित्र-चित्रण कीजिए।